# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

दिनांक- 26.12.2025

**मिशन शक्ति 5.0:**
**पिंक बूथ से शुरू हुआ महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का नया सफर**

**थाना गाजीपुर की पिंक बूथ 61 टीम द्वारा मुंशीपुलिया चौराहा पर आई महिलाओं एवं छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक करते हुए बच्चों एवं महिला से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप आदि के बारे में जानकारी देकर किया गया जागरूक।**

महिला सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश सरकार की **पिंक बूथ** एक प्रमुख पहल प्रदेश भर में हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह **पिंक बूथ** उन सभी महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण या किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना कर रही हैं।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

## आयोजक/ अयोजन स्थल

- उ0नि0 उदयप्रताप सिंह, प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना गाजीपुर, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उ0नि0 कीर्ति सिंह, सहायक प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना गाजीपुर, लखनऊ कमिश्नरेट
- मुंशीपुलिया चौराहा, थाना गाजीपुर लखनऊ

## प्रतिभाग-

- महिला उ0नि0 कीर्ति सिंह, सहायक प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना गाजीपुर, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला का0 लक्ष्मी मिश्रा थाना गाजीपुर, लखनऊ कमिश्नरेट
- मुंशीपुलिया चौराहा पर ( महिलाओं, छात्राओं और बच्चों) को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 27.12.2025 को उ0नि0 उदयप्रताप सिंह, महिला उ0नि0 कीर्ति सिंह एवं महिला कांस्टेबल लक्ष्मी मिश्रा द्वारा, थाना गाजीपुर, लखनऊ कमिश्नरेट के आयोजन में, मिशन शक्ति अभियान के तहत मुंशीपुलिया चौराहा पर जागरूकता किया गया।

महिलाओं, छात्राओं एवं बच्चों को उनके साथ होने वाले अपराधों तथा उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन), 1076 (टोल-फ्री सिटीजन कॉल सेंटर), 101 (अग्निशमन), 102 (एम्बुलेंस), 108 (आपातकालीन सेवा), 112 (ईआरएसएस) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया, साथ ही यूपी-100 (यूपी कोप) एवं महिलाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

## "मिशन शक्ति" के लक्ष्य:

- **सुरक्षा जागरूकता:** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों (जैसे यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा) की रोकथाम और रिपोर्टिंग के बारे में जागरूकता फैलाना।
- **महिला सशक्तिकरण:** महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना।
- **शिक्षा का महत्व:** छात्राओं को शिक्षा के महत्व और करियर के अवसरों के बारे में प्रोत्साहित करना।
- **स्वास्थ्य और स्वच्छता:** महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी साझा करना।
- **डिजिटल सुरक्षा:** साइबर क्राइम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताना।

उपरोक्त कार्यक्रम लखनऊ पुलिस की महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आयोजित यह जागरूकता सत्र स्थानीय महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों, उपलब्ध सुरक्षा तंत्रों तथा सहायता सेवाओं से सीधे जोड़ने का एक सार्थक प्रयास था।

मिशन शक्ति 5.0 जैसी योजनाओं के माध्यम से समुदाय स्तर पर किए जा रहे ऐसे नियमित प्रयास न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि एक सुरक्षित वातावरण निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे एक ऐसे समाज की नींव रखने में मदद मिलती है, जहाँ महिलाएं सशक्त, सजग और निर्भय होकर अपना विकास कर सकें।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

### मिशन शक्ति: छात्राओं को अपराधों से बचाव की सीख
### पम्पलेट वितरण से साइबर अपराध व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**थाना अलीगंज टीम द्वारा शिवलोक स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत में छात्राओं को महिला अपराधों की रोकथाम हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराधों से बचाव के लिए पम्पलेट वितरित करके किया गया जागरूक।**

**दिनांक- 26.12.2025**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, **श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

**आयोजक/आयोजन स्थल**

- ➢ उप निरीक्षक श्री रवींद्र नाथ प्रजापति थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- ➢ महिला उप निरीक्षक आशी गुप्ता थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- ➢ महिला आरक्षी दीक्षा, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- ➢ सहयोग: प्राधानाचार्या, स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल शिवलोक थाना अलीगंज।

**प्रतिभाग-**

- ✓ उप निरीक्षक श्री रवींद्र नाथ प्रजापति थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ उप निरीक्षक श्री प्रगति सिंह थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ महिला उप निरीक्षक आशी गुप्ता थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ महिला आरक्षी दीक्षा, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:**

थाना अलीगंज अंतर्गत शिवलोक स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल में शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025 को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की बच्चियों को बालिका एवं महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इनमें 1090 (महिला पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (महिला एवं बाल अपराश्रय), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन), 102 (एम्बुलेंस), 108 (आपदा प्रबंधन) तथा 1098 (चाइल्डलाइन) जैसे महत्वपूर्ण नंबर शामिल थे, जिनकी सही समय पर उपयोगिता के बारे में विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चियों को महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्रों की भूमिका, थानों में संचालित महिला हेल्प डेस्क तथा पिंक बूथ की सेवाओं के विषय में भी अवगत कराया गया। साथ ही, डिजिटल युग में बढ़ते खतरों को ध्यान में रखते हुए साइबर अपराधों की पहचान, उनसे बचाव के उपाय तथा यूपी कोप ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी से युक्त पंपलेट भी वितरित किए गए, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इन संसाधनों का सही उपयोग कर सकें।

यह जागरूकता अभियान समाज में सुरक्षा चेतना को मजबूत करने तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ। पुलिस टीम द्वारा दी गई यह जानकारी छात्राओं के लिए न केवल उपयोगी सिद्ध हुई, बल्कि उन्हें सजग और सुरक्षित नागरिक बनने की प्रेरणा भी प्रदान की।

**इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्राओं को महिला अपराधों एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराना तथा उन्हें निडर होकर शिकायत दर्ज करने और उपलब्ध पुलिस संसाधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था।**

## निष्कर्ष:

आयोजित 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत यह जागरूकता कार्यक्रम एक सफल पहल रहा। इसके माध्यम से छात्राओं को महिला एवं साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए यह विश्वास दिलाया गया कि डरने के बजाय 1090, 112 व 1930 जैसे नंबरों पर तत्काल शिकायत करना और मिशन शक्ति केन्द्र, पिंक बूथ जैसे संसाधनों का उपयोग करना ही सुरक्षा की कुंजी है। इसने उन्हें एक सतर्क व सशक्त नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया।



# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन II

दिनांक- 26.12.2025

## मिशन शक्ति 5.0 हर बेटी सशक्त, हर नारी सुरक्षित।

**थाना बीबीडी पुलिस टीम द्वारा में थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जुग्गौर में प्राथमिक प्राइमरी व जूनियर पाठशाला में बच्चो को "गुड टच" और "बैड टच" के साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबर एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा यातायात नियमों के विषय पर किया जागरूक।**

**लखनऊ, श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ, श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के कुशल निर्देशन में *मिशन शक्ति 5.0* अभियान के तहत कमिश्नरेट लखनऊ में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से संबंधित विविध जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

- प्रधानाचार्य श्री सुधीर सहगल प्राथमिक प्राइमरी व जूनियर पाठशाला थाना बीबीडी

**प्रतिभाग / पुलिस टीम**

- महिला उप निरीक्षक प्रियतमा तिवारी, थाना बीबीडी लखनऊ कमिश्नरेट ।
- उप निरीक्षक श्री रामलाल एंटी रोमियो प्रभारी, थाना बीबीडी लखनऊ कमिश्नरेट ।
- महिला आरक्षी गीता राव थाना बीबीडी लखनऊ कमिश्नरेट
- आरक्षी जितेन्द्र थाना बीबीडी लखनऊ कमिश्नरेट

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

आज दिनांक 26.12.2025 को थाना बीबीडी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जुग्गौर में प्राथमिक प्राइमरी व जूनियर पाठशाला में मिशन शक्ति के तहत स्कूली बच्चो को जागरूक किया गया ।

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी "मिशन शक्ति" योजना के तहत छात्राओं को व्यापक रूप से जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 30-40 छात्राओं एवं अध्यापकगण को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनके अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (ईआरएसएस), 1930 (साइबर क्राइम) आदि—से अवगत कराया गया। बच्चों को गुड टच-बैड टच के प्रति संवेदनशील बनाया गया तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। इसके अलावा, महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्रों के कार्यों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

छात्राओं को "गुड टच" और "बैड टच" के बीच अंतर समझाया गया और उन्हें यह सिखाया गया कि किसी भी असहज स्थिति में तुरंत **"ना" कहने और अपने अभिभावक, अध्यापक या पुलिस को सूचित करने** की सलाह दी गई। इस सत्र के माध्यम से बच्चियों को व्यक्तिगत सुरक्षा के गुर सिखाए गए।

इसके अतिरिक्त छात्राओं को **"गुड टच" और "बैड टच"** के बीच अंतर समझाया गया छात्राओं को जागरूक किया गया कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा किसी वस्तु, मिठाई या किसी बहाने से बुलाने पर विश्वास न करें और तुरंत इस जानकारी को परिवार या पुलिस के साथ साझा करें।

**कार्यक्रम का उद्देश्य: कार्यक्रम का उद्देश्य एवं महत्व:**

यह कार्यक्रम छात्राओं को पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास जगाने और उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से लैस करने की दिशा में एक सार्थक पहल था। थाना इटौंजा की इस पहल से न केवल छात्राओं को जागरूक किया गया, बल्कि पुलिस-जनता के बीच की दूरी को कम करने में भी मदद मिली।

छात्राओं ने न केवल पुलिस व्यवस्था की कार्यशैली को जाना बल्कि यह भी सीखा कि पुलिस नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है।

**निष्कर्ष:**

**जागरूकता में वृद्धि:** इस सत्र ने बच्चों को गुड टच और बैड टच की महत्वपूर्ण समझ प्रदान की, जो उन्हें सुरक्षित रहने और अनुचित व्यवहार की पहचान करने में सक्षम बनाएगी।

- **भावनात्मक रूप से सुरक्षित माहौल:** बच्चों द्वारा अपने सपने साझा करना इस बात का संकेत है कि कक्षा का माहौल भरोसेमंद और सुरक्षित था। इससे बच्चों के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता का पता चलता है।
- **सकारात्मक सहभागिता:** बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने दर्शाया कि वे इस विषय को समझने और अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए उत्सुक थे।
- **भविष्य के लिए आधार:** यह सत्र बच्चों के व्यक्तिगत सुरक्षा ज्ञान का एक मजबूत आधार तैयार करेगा। साथ ही, स्कूल द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना एक प्रशंसनीय कदम है।

संक्षेप में, यह गतिविधि न केवल शैक्षिक थी बल्कि इसने बच्चों को भावनात्मक रूप से सशक्त भी किया, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

दिनांक- 26.12.2025

**"मिशन शक्ति 5.0: गली मोहल्लो में महिला सशक्तिकरण का संदेश**
**महिलाओं और बच्चों का हक, पिंक बूथ ने बताए अधिकार।**

**थाना कैण्ट की पिंक बूथ 28 टीम द्वारा राहगीरो (महिलाओं और बच्चो) को मिशन शक्ति के तहत थाना कैण्ट क्षेत्र पिपराघाट तिरहा दिलकुशा पर पंपलेट वितरण करके महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक, 01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना कैण्ट की पिंक बूथ 28 टीम द्वारा पिपराघाट तिरहा दिलकुशा पर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

- महिला का0 सोनम रानी, पिंक बूथ 28 थाना कैण्ट , लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला का0 भावना चौधरी सागर, पिंक बूथ 28 थाना कैण्ट , लखनऊ कमिश्नरेट

**प्रतिभाग-**

- थाना कैण्ट क्षेत्र के पिपराघाट तिरहा दिलकुशा पर करीब 15-20 महिलाए व बच्चे।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आज दिनांक 26.12.2025 को थाना कैण्ट क्षेत्र के अंतर्गत पिपराघाट तिरहा दिलकुशा पर करीब 15-20 महिलाए व बच्चे। (महिलाओं और बच्चो) को अपराध/साइबर अपराध/सी0ई0आई0आर पोर्टल/यूपी कॉप ऐप एवं सभी **महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:** उन्हें आपात स्थिति और सहायता के लिए सभी जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जैसे: 1090: महिला पावर लाइन (Women Power Line), 112: आपातकालीन सेवाएं (Emergency Services) 108: एम्बुलेंस सेवा (Ambulance Service), 1098: चाइल्डलाइन (Childline), 1076: टोल-फ्री हेल्पलाइन और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र के कार्यो के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीण महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

**"मिशन शक्ति" के लक्ष्य:**

- **सुरक्षा जागरूकता:** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों (जैसे यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा) की रोकथाम और रिपोर्टिंग के बारे में जागरूकता फैलाना।
- **महिला सशक्तिकरण:** महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना।
- **शिक्षा का महत्व:** छात्राओं को शिक्षा के महत्व और करियर के अवसरों के बारे में प्रोत्साहित करना।
- **स्वास्थ्य और स्वच्छता:** महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी साझा करना।
- **डिजिटल सुरक्षा:** साइबर क्राइम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताना।

**महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर**

***महिला अपराध, साइबर अपराध एवं आपात स्थिति के लिए महत्वपूर्ण संसाधन***

- **1090 (महिला पावर लाइन):** महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत के लिए प्रमुख हेल्पलाइन।
- **112 (आपातकालीन सेवाएं):** किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एम्बुलेंस और अग्निशमन के लिए एकीकृत नंबर।
- **108 (एम्बुलेंस सेवा):** तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए।
- **1098 (चाइल्डलाइन):** बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या या संकट के लिए।
- **1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन):** सामान्य सहायता और जानकारी के लिए।

- ***डिजिटल संसाधन एवं पोर्टल***

- **साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल:** साइबर धोखाधड़ी, हैकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न आदि की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आधिकारिक पोर्टल।
- **यूपी कॉप ऐप (UP COP App):** उत्तर प्रदेश पुलिस का मोबाइल ऐप, जिसके माध्यम से त्वरित सहायता, लोकेशन शेयरिंग और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

**पिंक बूथ टीम की भूमिका:**

पिंक बूथ आमतौर पर पुलिस या महिला हेल्पलाइन से जुड़ी होती है। उनका सीधा संपर्क राहगीरों से होना एक प्रभावी तरीका है ताकि आम जनता, विशेष रूप से महिलाएं और युवतियां, सीधे तौर पर जानकारी हासिल कर सकें और अपनी समस्याओं को साझा कर सकें।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-V

**दिनांक- 26.12.2025**

**मिशन शक्ति 5.0 मिशन शक्ति का प्रण लेकर, हर छात्र-छात्रा को समझाओ,**
**साइबर खतरों से बचाव क्या है, ये सुरक्षा सूत्र सबको सिखाओ।**

**थाना मोहनलालगंज द्वारा काशीश्वर इण्टर कॉलेज कस्बा मोहनलालगंज में छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक। छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।**

काशीश्वर इण्टर कॉलेज कस्बा मोहनलालगंज लखनऊ में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा का प्रण लिया और डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने के महत्व को समझा। छात्राओं को साइबर खतरों से बचाव के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए, जिससे उन्हें ऑनलाइन सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को सशक्त बनाने और डिजिटल युग में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक, 01 अतिरिक्त निरीक्षक, 01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

- महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा राजपूत थाना मोहनलालगंज लखनऊ
- काशीश्वर इण्टर कॉलेज कस्बा मोहनलालगंज लखनऊ

**प्रतिभाग-**

- महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा राजपूत थाना मोहनलालगंज लखनऊ कमिश्नरेट
- उपनिरीक्षक श्री परवेज़ अहमद थाना मोहनलालगंज लखनऊ कमिश्नरेट
- म0आरक्षी हिमानी
- म0आरक्षी नेहा मिश्रा
- म0आरक्षी साधना वर्मा व म0 आरक्षी वर्षा शर्मा
- काशीश्वर इण्टर कॉलेज कस्बा मोहनलालगंज के करीब 100-120 छात्र-छात्रायें व शिक्षिकगण

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 05.12.2025 को काशीश्वर इण्टर कॉलेज कस्बा मोहनलालगंज के **करीब 100-120 छात्र-छात्राओं** को महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में बताया गया, महिला संबधी योजनाओं की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए, सभी को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन), 1076 (टोल-फ्री सिटीजन कॉल सेंटर), 101 (अग्निशमन), 102 (एम्बुलेंस), 108 (आपातकालीन सेवा), 112 (ईआरएसएस) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, उन्हें यूपी-100 (यूपी कोप) एवं आदि नंबरों के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ- साथ महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में की जानकारी दी गई तथा हेल्प लाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

**स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को निम्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया:**

**1. हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी**

* 1090 (वुमेन पावर लाइन)
* 112 (आपातकालीन सेवा)
* 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन)

**2. साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय**

* सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखना
* साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी

**छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति में वे तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें अथवा मैसेज के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।**

**निष्कर्ष-**

मिशन शक्ति 5.0 महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस की एक सराहनीय और सतत प्रयास है। यह अभियान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का प्रयास है। महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन सुविधाओं से अवगत कराकर यह अभियान उन्हें आत्मनिर्भर और सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।